*Total number of printed pages–5*

**14 (HIN-3) 3·2**

**2018**

**HINDI**

Paper : 3·2

(New Syllabus & Old Syllabus)

***(Bhāshāvijnān Ke Siddhant Evam Shailīvijnān and Hindī Bhāshā)***

*Full Marks : 64/80*

Time : Three hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

**( New Syllabus )**

**( भाषाविज्ञान के सिद्धान्त एवं शैलीविज्ञान )**

कुल अंक : 64

**खण्ड–क**

म्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए : 12×4=48

संसार की भाषाओं के आकृतिमूलक वर्गीकरण पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

*Contd.*

2. भाषाविज्ञान का आशय बताते हुए उसके अन्तर्गत आनेवाले अध्ययन के प्रमुख विभागों पर चर्चा कीजिए।

3. वाक्य किसे कहते हैं ? वाक्य-रचना में होने वाले परिवर्तनों के प्रमुख कारणों पर सोदाहरण विचार कीजिए।

4. शब्द और रूप में अन्तर स्पष्ट करते हुए संबंध-तत्वों के कार्यों पर प्रकाश डालिए।

5. ध्वनि की परिभाषा देते हुए मानव-शरीर के विभिन्न ध्वनि-यन्त्रों का उल्लेख कीजिए तथा ध्वनियों के उच्चारण में जिह्वा की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

6. अर्थ-परिवर्तन के प्रमुख कारणों का विवेचन कीजिए।

7. शैलीविज्ञान के सन्दर्भ में शैली की परिभाषा देते हुए उसकी मूलभूत बातों का खुलासा कीजिए।

8. समानान्तरता का आशय बताते हुए उसके स्वरूप पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

## खण्ड-ख

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) भारोपीय भाष-परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) भाषाविज्ञान विज्ञान है या कला ?



(ग) अनुकरण की अपूर्णता के कारण भाषा में किस प्रकार परिवर्तन होता है ?

(घ) वाक्य-रचना में पद-क्रम के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'ध्वनि-ग्राम' और 'संध्वनि' की अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिए।

(च) अर्थ-विस्तार क्या है ?

(छ) ध्वनि-चयन के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ज) शैलीविज्ञान के विषय-क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए।

———

# ( Old Syllabus )

## ( हिन्दी भाषा )

कुल अंक : 80

### खण्ड-क

*निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर दीजिए :*

15×4=60

1. ध्वनि,व्याकरण, शब्द-भंडार और साहित्य में प्रयोग की दृष्टि से आधुनिककालीन हिन्दी की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

2. अवधी और भोजपुरी बोलियों का परिचय दीजिए।

3. व्यंजन-ध्वनि की परिभाषा देते हुए स्थान एवं स्वर-तंत्रियों की स्थिति की दृष्टियों से हिन्दी की व्यंजन-ध्वनियों के वर्गीकरण पर विचार कीजिए।

4. हिन्दी संज्ञा-शब्दों के वचन-परिवर्तन संबंधी नियमों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

5. हिन्दी-सर्वनामों के विविध प्रकारों का उल्लेख करते हुए 'आप', 'कोई', 'यह' और 'जो' सर्वनामों की कारकीय रूप-रचना को प्रस्तुत कीजिए।

6. हिन्दी में काल के भेदों एवं उपभेदों का उल्लेख करते हुए भूतकाल में 'खाना' क्रिया की काल-रचना को प्रस्तुत कीजिए।



7. हिन्दी वाक्य-रचना में ध्यान देने योग्य बातों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

8. नागरी लिपि के गुण-दोषों पर सम्यक् चर्चा कीजिए।

### खण्ड-ख

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

5×4=20

(क) मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा पालि पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) हिन्दी की विभाषाओं एवं बोलियों का उल्लेख कीजिए।

(ग) मैथिली बोली का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(घ) स्वर-ध्वनि की परिभाषा देते हुए मात्रा की दृष्टि से हिन्दी की स्वर-ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(ङ) हिन्दी के स्त्री-प्रत्ययों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(च) हिन्दी के संख्यावाचक विशेषण पर एक टिप्पणी लिखिए।

(छ) नागरी लिपि के नामकरण पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

---